वर्ष- 02 अंक- 247
छपरा
24 जुलाई गुरूवार 2025
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

### अस्पताल में महिला रिसेप्शनिस्ट से मारपीट, आरोपी गिरफ्तार

**ठाणे,एजेंसी।** पुलिस ने ठाणे जिले के कल्याण इलाके के अस्पताल में महिला रिसेप्शनिस्ट के साथ मारपीट के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि महिला ने उसे बिना अपॉइंटमेंट के डॉक्टर के कमरे में जाने से रोक दिया था, जिससे गुस्साए व्यक्ति ने उस पर हमला कर दिया। यह घटना बच्चों के निजी अस्पताल में हुई थी। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। आरोपी बिहार का रहने वाला बताया जा रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि वह रिसेप्शनिस्ट को लात मारता है। इसके बाद महिला के बाल पकड़कर अस्पताल के रिसेप्शन फ्लोर पर घसीटता है। महिला महाराष्ट्र की रहने वाली है। घटना सोमवार शाम की है। मौके पर मौजूद मरीजों के परिजनों ने महिला को बचाया।

प्राथमिकी के अनुसार ,आरोपी की पहचान गोकुल झा के रूप में हुई है। वह इसलिए गुस्से में था क्योंकि महिला रिसेप्शनिस्ट (25 वर्षीय) ने उसे और उसके साथ आई महिला और बच्चे को लाइन तोड़कर सीधे डॉक्टर से मिलने की इजाजत नहीं दी थी। डॉक्टर उस समय पहले से मौजूद मरीजों को देख रहे थे।

### भारत से दोहा जा रहा एअर इंडिया विमान वापस लौटा




**कोझिकोड,एजेंसी।** केरल के कोझिकोड से कतर की राजधानी दोहा जा रहे एअर इंडिया के विमान में उड़ान भरने के बाद तकनीकी खराबी आ गई। पायलट ने एटीसी (हवाई यातायात नियंत्रण) को विमान में खराबी की जानकारी दी। इसके बाद विमान को वापस केरल के कोझिकोड एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंड कराया गया।

फ्लाइट रडार24 के मुताबिक बोइंग बी738 मॉडल के विमान को सुबह 8.50 बजे टेकऑफ करना था। 9.17 बजे उड़ान भरने के बाद विमान को वापस लौटना पड़ा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक विमान को दो घंटे बाद 11.12 बजे हवाई अड्डे पर सुरक्षित लैंड कराया गया। हवाई अड्डा के अधिकारियों ने बताया कि उड़ान संख्या IX 375 में पायलटों और चालक दल सहित 188 लोग सवार थे। अधिकारी ने कहा कि विमान के केबिन एसी में कुछ तकनीकी समस्या थी। यह आपातकालीन लैंडिंग नहीं थी। एअर इंडिया एक्सप्रेस के प्रवक्ता ने बताया कि हमारी एक उड़ान तकनीकी खराबी के कारण उड़ान भरने के बाद केरल के कोझिकोड लौट आई। हमने प्राथमिकता के आधार पर एक वैकल्पिक विमान की व्यवस्था की, देरी के दौरान मेहमानों को जलपान उपलब्ध कराया और उड़ान रवाना हो गई।

**हाल के दिनों में बाधित हुई कई उड़ानें :**एअर इंडिया के कई विमानों में तमाम खामियों के कारण हाल के दिनों में कई उड़ानें बाधित हुई हैं। इसमें स्थानीय उड़ानों के साथ-साथ विदेशी उड़ानें भी शामिल है। मंगलवार को दिल्ली एयरपोर्ट पर हांगकांग से दिल्ली पहुंचे एअर इंडिया के विमान में लैंडिंग के बाद आग लग गई थी। गनीमत ये रही कि इस हादसे से पहले ही सभी यात्री और क्रू विमान से उतर चुके थे।

**मानसून सत्र के तीसरे दिन भी नहीं थमा हंगामा**

## ऑपरेशन सिंदूर-लोकसभा में 28, राज्यसभा में 29 जुलाई को चर्चा,दोनों सदनों में 16-16 घंटे बहस

**नई दिल्ली,एजेंसी।** ऑपरेशन सिंदूर को लेकर लोकसभा में 28 जुलाई और राज्यसभा में 29 जुलाई को चर्चा होगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों सदनों में बहस के लिए 16-16 घंटे का समय निर्धारित किया गया है। संसद के मानसून सत्र की शुरुआत 21 जुलाई को हुई थी। पिछले 3 दिनों से विपक्ष ऑपरेशन सिंदूर, बिहार वोटर वेरिफिकेशन जैसे मुद्दों पर हंगामा कर रहा है। तीन दिनों में दोनों सदनों में लगातार एक आधे घंटे भी कार्यवाही नहीं चल सकी।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि सरकार कहती है ऑपरेशन सिंदूर चालू है, जबकि डोनाल्ड ट्रम्प बंद कराने का दावा कर चुके हैं।

ट्रम्प ने 25 बार बोला कि उन्होंने सीजफायर कराया। वो कौन होते हैं बोलने वाले, ये उनका काम नहीं है। लेकिन पीएम मोदी ने इस पर एक जवाब नहीं दिया। ऐसा लगता है दाल में कुछ काला है। इससे पहले लोकसभा में बिहार वोटर वेरिफिकेशन मुद्दे पर हंगामा हुआ। विपक्षी सांसद नारेबाजी करते हुए वेल में चले आए। उन्होंने काले कपड़े लहराए। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा- आप सड़क का व्यवहार संसद में न करें। लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही को गुरुवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।




### हिंदुस्तान में चुनाव की चोरी हो रही है; हम संसद से सड़क तक लड़ाई लड़ेंगे, संसद परिसर में बोले राहुल गांधी



**नई दिल्ली ।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे को लेकर बुधवार को आरोप लगाया कि हिंदुस्तान में चुनाव चोरी किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस मुद्दे पर इंडिया गठबंधन चुप नहीं बैठेगा और संसद से सड़क तक लड़ाई लड़ेगा। राहुल गांधी ने संसद परिसर में कहा कि ये सिर्फ बिहार की बात नहीं है। महाराष्ट्र में भी चोरी की। हमने चुनाव आयोग से मतदाता सूची मांगी, वीडियो मांगे, लेकिन उन्होंने हमें नहीं दिया।

**वीडियोग्राफी देने का कानून ही बदल दिया :**राहुल गांधी ने कहा कि सरकार ने वीडियोग्राफी देने का कानून ही बदल दिया। महाराष्ट्र में चुनाव से पहले एक करोड़ नए वोटर जोड़े गए। उनका कहना था कि कर्नाटक में हमने अध्ययन किया है और भयंकर चोरी पकड़ी है। मैं ब्लैक एंड व्हाइट में आपको और चुनाव आयोग को बता सकता हूं कि कहां और कैसे चोरी की जा रही है। हम खेल समझ गए हैं। हमने कर्नाटक में एक निर्वाचन क्षेत्र चुना और उसे पूरी तरह से समझा। छह महीने लगे और हमने चुनाव चोरी करने का इनका सारा सिस्टम समझ लिया है। उनके मुताबिक, अध्ययन से यह पता चला है कि कैसे नए वोटर बनते हैं, कौन वोट करता है और कहां से वोट होता है। राहुल गांधी ने दावा किया, इनको समझ आ गई है कि हमने इनकी चोरी पकड़ ली है। इसलिए अब ये बिहार में पूरा का पूरा सिस्टम (चुनाव चोरी का) नए तरीके से कर रहे हैं। ये मतदाताओं का नाम हटाएंगे और नए तरीके से सूची बनाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि हिंदुस्तान में चुनाव चोरी किए जा रहे हैं। ये सच्चाई है हिंदुस्तान की।

**संसद से सड़क तक लड़ाई :**बाद में राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, हिंदुस्तान में चुनाव चोरी किए जा रहे हैं, ये सच्चाई है। महाराष्ट्र में कैसे मैच फिक्सिंग हुई, हमने सबको दिखाया। कर्नाटक की एक लोकसभा सीट की जांच की, वहां बड़े पैमाने पर वोट चोरी मिली, जल्द जनता के सामने लाएंगे।

**जम्मू-कश्मीर में लैंडस्लाइड से 2 की जान गई**

## झारखंड-बिहार में बिजली गिरने से 7 की मौत दिल्ली में बारिश के बाद पानी भरा, ट्रैफिक जाम

**नई दिल्ली,एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में हुए लैंडस्लाइड में दो लोगों की मौत हो गई। मंगलवार-बुधवार की रात बदोरा पहाड़ी क्षेत्र में लैंडस्लाइड के समय दोनों तंबू में सो रहे थे। मौसम विभाग ने उधमपुर में अगले 72 घंटों तक रुक-रुककर भारी से बहुत भारी बारिश का अनुमान लगाया है।

झारखंड में बिजली गिरने से चार महिलाओं और बिहार में तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं, दो महिलाएं झुलस गईं। मौसम विज्ञान केंद्र पटना के मुताबिक, प्रदेश में मानसून कमजोर पड़ गया है। अगले 48 घंटे में बारिश का अनुमान नहीं है।

दिल्ली और उससे सटे उत्तर प्रदेश के कई जिलों में बुधवार सुबह से ही बारिश हो रही है। इसके चलते कई इलाकों में पानी भर गया। कई जगह ट्रैफिक जाम की स्थिति देखी गई। गाजियाबाद में रामनगर एलिवेटेड रोड पर





गाड़ियों की लंबी कतारें नजर आईं। वहीं, मेरठ के भी कई इलाकों में जलभराव हुआ।

मौसम विभाग ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गोवा, तेलंगाना, असम, मेघालय में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। हिमाचल में 26 जुलाई तक कम बारिश होने का अनुमान है। इसके बाद बारिश का नया दौर शुरू हो सकता है।

**जस्टिस वर्मा केस से हटे सीजेआई गवई**

### कहा- मैं सुनवाई नहीं कर सकता, क्योंकि पहले भी इसका हिस्सा रहा; अब नई बेंच करेगी सुनवाई



**नई दिल्ली,एजेंसी।** जस्टिस यशवंत वर्मा के कैश कांड की सुनवाई से चीफ जस्टिस बीआर गवई ने खुद को अलग कर लिया है। बुधवार को सुनवाई के दौरान उन्होंने कहा, मेरे लिए इस केस की सुनवाई में शामिल होना उचित नहीं होगा, क्योंकि मैं पहले भी इसका हिस्सा रहा हूं। दरअसल, 19 जुलाई जस्टिस वर्मा ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। इसमें उन्होंने इन-हाउस कमेटी की रिपोर्ट और महाभियोग की सिफारिश रद्द करने की अपील की थी। रिपोर्ट में घर में कैश मिलने के मामले में जस्टिस वर्मा को दोषी ठहराया गया है। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस वर्मा की ओर से सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल ने दलील रखी। उन्होंने कहा कि इसमें कुछ संवैधानिक मुद्दे हैं। कृपया जल्द से जल्द बेंच गठित करें। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मामले पर सुनवाई के लिए नई बेंच गठित करेंगे। दूसरी तरफ, संसद में जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही भी शुरू हो गई है।

**नीतीश ने सदन में तेजस्वी को बच्चा कहा**

### बोले- तुम्हारे माता-पिता सीएम थे, क्या किया था; तेजस्वी ने कहा- दोनों डिप्टी सीएम सूत्र वाले



**पटना,एजेंसी।** बिहार विधानसभा के मानसून सत्र के आज तीसरे दिन सदन में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के बीच तीखी बहस हुई। पहले तेजस्वी ने बिहार के SIR के मुद्दे पर सरकार को घेरने की कोशिश की। तेजस्वी ने कहा, चुनाव आयोग ने आधार कार्ड को वैलिड नहीं माना है। दो फीसदी लोगों के पास डॉक्यूमेंट्स है। 11 डॉक्यूमेंट्स मांगे जा रहे हैं। किसी भी पेपर के लिए बिहार सबसे फिसड्डी राज्य है।

ऐसे पेपर मांगे जा रहे हैं जो गरीब के पास नहीं है। आधार कार्ड, मनरेगा कार्ड और राशन कार्ड की अनुमति क्यों नहीं दी गई। सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद भी ये अपनी बाद नहीं रखते हैं। बिहार के 4 करोड़ लोग बिहार से बाहर जाते हैं। लोकसभा में लेबर मिनिस्ट्री का बयान है। चुनाव आयोग कौन होता है नागरिकता देने वाले। इसके जवाब में नीतीश कुमार ने कहा, पहले क्या था। तुम्हारे पिता ने क्या किया। जो ये लोग कहते रहते हैं। जब भी इन लोगों का कोई काम आता है। ये कहते हैं तो हम करवाते हैं। पहले किसी ने महिलाओं को कुछ दिया था। हमने महिलाओं के लिए काम किया। हम आपने कामों को लेकर लोगों के बीच जाएंगे। काम गिनवाएंगे। तुम बच्चे थे। तुम्हारे माता-पिता सीएम रहे। क्या किया.. कुछ नहीं। इस दौरान राजद विधायक भाई वीरेंद्र के एक बयान पर स्पीकर गुस्सा हो गए।

## महिला आईपीएस को ससुरालवालों से माफी मांगने का आदेश

### वैवाहिक विवाद में झूठे केस दर्ज कराए थे; सुप्रीम कोर्ट बोला- पद का गलत इस्तेमाल न करें


**नई दिल्ली,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने एक महिला IPS अधिकारी को अपने पूर्व पति और ससुराल वालों से बिना शर्त माफी मांगने का आदेश दिया। अधिकारी ने वैवाहिक विवाद में पति और ससुराल वालों के खिलाफ कई झूठे क्रिमिनल केस दर्ज कराए थे। सुप्रीम कोर्ट ने उन सभी मामलों को भी रद्द कर दिया।CJI बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने मंगलवार को अपने फैसले में कहा, मुकदमों की वजह से पति को 109 दिन और उसके पिता



को 103 दिन जेल में बिताने पड़े। उन्होंने जो कुछ सहा, उसकी किसी भी तरह से भरपाई नहीं की जा सकती।सोशल मीडिया पर अपलोड करना होगा माफीनामा कोर्ट ने आदेश दिया कि महिला और उसके माता-पिता पीड़ित पति और उसके परिवार के सदस्यों से बिना शर्त माफी मांगें। माफीनामा अंग्रेजी और हिंदी के एक-एक प्रसिद्ध अखबार के राष्ट्रीय संस्करण में छपवाना होगा।

**केदारनाथ तक 7किमी. सुरंग बनाने का प्लान**

### 11किमी. रास्ता घटेगा, अभी गौरीकुंड से 16किमी. पैदल मार्ग; मंदिर तक जाने के 2 रास्ते होंगे



**नई दिल्ली/रुद्रप्रयाग,एजेंसी।** केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्रालय केदारनाथ तक 7 किलोमीटर लंबी सुरंग बनाने की तैयारी कर रहा है। ऐसा हुआ तो आने वाले 4-5 साल में केदारनाथ मंदिर तक पहुंचने के दो रास्ते हो जाएंगे। इनमें से एक रास्ता हर मौसम में मंदिर तक सीधी पहुंच देगा। अभी गौरीकुंड से रामबाड़ा-लिंचोली होते हुए केदार धाम तक का पैदल मार्ग 16 किलोमीटर लंबा है। टनल बनने के बाद यह 5 किमी ही बचेगा। दरअसल, 2013 और जुलाई 2024 की त्रासदी से सबक लेते हुए केंद्र ने केदारनाथ मंदिर तक के नए सुरक्षित रास्ते को बनाने की योजना पर काम शुरू किया है। इसके लिए मंत्रालय ने कंसल्टेंट के जरिए पहाड़ का प्रारंभिक सर्वेक्षण करा लिया है। टनल उत्तराखंड में 6562 फीट ऊपर बनेगी। यह कालीमठ घाटी के आखिरी गांव चौमासी से लिंचोली तक होगी। लिंचोली केदारनाथ मंदिर से पांच किलोमीटर पहले है।

### टॉयलेट में बैठे-बैठे ही सुनवाई में शामिल हुआ था गुजरात हाईकोर्ट ने 15 दिन समाज-सेवा का दिया आदेश, 1 लाख रुपए का जुर्माना भी लगा चुकी है कोर्ट




**अहमदाबाद,एजेंसी।** गुजरात के अहमदाबाद में ऑनलाइन अदालती सुनवाई के दौरान टॉयलेट से ही पेश होने वाले शख्स को अदालत की अवमानना का सामना करने का निर्देश दिया गया। गुजरात हाईकोर्ट ने मंगलवार को हुई सुनवाई में अब्दुल समद को 15 दिन की सामुदायिक सेवा करने का आदेश दिया है। पिछली सुनवाई में लगाया था 1 लाख रुपए का जुर्माना यह घटना 20 जून को हुई जब जस्टिस नीरज एस देसाई एक मामले की सुनवाई कर रहे थे। इसी दौरान अब्दुल टॉयलेस से ही ऑनलाइन सुनवाई में शामिल हुआ था। इसका वीडियो वायरल हो गया था। जिसके बाद गुजरात हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए अवमानना कार्यवाही की थी। कोर्ट ने 14 जुलाई को हुई सुनवाई में अब्दुल पर एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया था। जुर्माने का राशि 22 जुलाई तक कोर्ट की रजिस्ट्री में जमा करनी थी। हालांकि, मंगलवार को अब्दुल ने 1 लाख रुपए की जुर्माना राशि भी भरी और कोर्ट से अपनी गलती के लिए माफी भी मांग ली है। कोविड काल से ही हो रही है ऑनलाइन सुनवाई गौरतलब है कि कोविड-19 महामारी के बाद से, गुजरात उच्च न्यायालय ने वकीलों और पक्षकारों को वर्चुअल माध्यम से सुनवाई में शामिल होने की अनुमति दी है। कार्यवाही का सीधा प्रसारण न्यायालय के यूट्यूब चैनल के जरिए किया जाता है। अब्दुल समद शाह सूरत के किम गांव का निवासी है और मारपीट के एक मामले में शिकायतकर्ता है।

**गोरखपुर में 600 ट्रेनी महिला सिपाही रोते-चिल्लाते बाहर आई**

## एक बोली- ट्रेनिंग सेंटर के बाथरूम में कैमरे लगे; अफसर बोले- सीसीटीवी हटवाएंगे

**गोरखपुर,एजेंसी।** गोरखपुर में ट्रेनी महिला सिपाहियों ने बुधवार सुबह 8 बजे हंगामा कर दिया। करीब 600 महिला सिपाही रोती- चिल्लाती ट्रेनिंग सेंटर से बाहर आ गईं। महिला सिपाहियों ने ट्रेनिंग सेंटर की व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए। एक ट्रेनी महिला सिपाही ने कहा- ट्रेनिंग सेंटर के बाथरूम में कैमरे लगे हैं। हमारे वीडियो बन गए। क्या उनको वापस किया जाएगा? अब क्या होगा? कल कुछ अफसर आए थे, वह सुनाकर चले गए।

महिला सिपाहियों ने यह भी कहा कि ट्रेनिंग सेंटर में 360 लड़कियों के रहने का इंतजाम है। लेकिन 600 रह रहीं हैं। हंगामे की सूचना पर पुलिस ट्रेनिंग स्कूल के ट्रेनर और पुलिस के सीनियर अधिकारी मौके पर पहुंचे। वह महिला सिपाहियों को समझा रहे हैं। गोरखपुर के बिछिया स्थित पीएसी कैंपस में महिला सिपाहियों की ट्रेनिंग करवाई जा रही है। यह सोमवार यानी 21 जुलाई से शुरू हुई। दो दिन बाद ही महिला सिपाही ट्रेनिंग सेंटर में सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर भड़क गईं।

**महिला सिपाही बोलीं- बाथरूम की गैलरी में कैमरे लगे :**लखनऊ से ट्रेनिंग करने आई महिला सिपाही लक्ष्मी सिंह ने कहा- पूरी रात बिजली नहीं थी। यहां पर जनरेटर की भी व्यवस्था नहीं है। ऐसे में रात सभी लड़कियों को जागकर बितानी पड़ी। सुबह उठने पर वॉशरूम में पानी नहीं आता है। दिन भर में पीने को केवल आधा लीटर पानी मिलता है। बहुत



ही कम क्षमता वाला ऋ्ह लगा है। खाने का भी इंतजाम अच्छा नहीं है। हमारी मांग है- जब तक समस्या का हल नहीं हो जाता, तब तक वे ट्रेनिंग नहीं करेंगी।बाराबंकी से आई महिला सिपाही जया ने कहा- बाथरूम की परेशानी है। बाथरूम के बाहर गैलरी में कैमरा लगा है। बाथरूम आते जाते कैमरे में सब कैद हो रहा है। एक अन्य ट्रेनी महिला सिपाही ने रोते हुए कहा- ट्रेनिंग सेंटर के बाथरूम में कैमरे लगे हैं। हमारे वीडियो बन गए। क्या उनको वापस किया जाएगा? अब क्या होगा?

**अविवाहित लड़कियों के प्रेग्नेंसी टेस्ट के आदेश के बाद हुआ बवाल :**गोरखपुर पीटीएस में महिला सिपाहियों की ट्रेनिंग सोमवार से शुरू हो गई। उससे पहले उनका हेल्थ चेकअप होना था। इसी बीच, डीआईजी रोहन पी ने हेल्थ चेकअप के दौरान प्रेग्नेंसी जांच कराने का भी निर्देश जारी कर दिया। इसके लिए ष्टरूह्र को पत्र लिख मेडिकल टीम बुलाई गई। सूत्रों ने बताया कि इस आदेश के बाद ही महिला सिपाही नाराज हो गईं थीं। डीआईजी के इस आदेश के बाद हड़कंप मच गया। मामले की जानकारी होते ही आईजी ट्रेनिंग चंद्र प्रकाश ने डीआईजी का आदेश निरस्त कर दिया। उन्होंने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि किसी महिला सिपाही की प्रेग्नेंसी जांच नहीं कराई जाएगी। यदि कोई महिला प्रेग्नेंट है तो वह स्वयं शपथ पत्र देकर बाद के बैच में जा सकती। दरअसल, पुलिस ट्रेनिंग के दौरान नियम है कि शादीशुदा महिला सिपाहियों की प्रेग्नेंसी जांच की जाती है। जबकि अनमैरिड लड़कियों को एक शपथ पत्र देना होता है कि वे प्रेग्नेंट नहीं हैं। जो प्रेग्नेंट होती हैं तो उन्हें ट्रेनिंग से अलग कर दिया जाता है। यानी, बाद के बैच में शिफ्ट कर दिया जाता है।

# भाजपा कार्यकर्ता प्रशिक्षण को लेकर गड़खा पुर्वी भाजपा मंडल की हुई बैठक



**दैनिक खोज खबर/गड़खा (सारण)** भारतीय जनता पार्टी गरखा विधानसभा के गरखा पूर्वी मंडल की बैठक बुधवार को मंडल कार्यालय चिंतामनगंज पर मंडल अध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई।विदित हो कि भारतीय जनता पार्टी 2025 विधानसभा चुनाव की तैयारी हेतु कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण हेतु एक कार्यशाला का आयोजन 25 जुलाई 2025 को गरखा में श्याम वाटिका में आयोजित किया है। जिसमें मंडल के पदाधिकारी पंचायत के अध्यक्ष 25 की टोली एवं सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता उस कार्यक्रम में भाग लेकर आगामी चुनाव में सफलता हेतु चुनाव प्रबंधन बूथ सशक्तिकरण एवं सघन जनसंपर्क अभियान तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश के उपलब्धियां को जन-जन तक पहुंचाने के लिए रणनीति एवं सूक्ष्म प्रबंधन का गुर से प्रशिक्षित होगें। बैठक में भाग लेते हुए भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एवं प्रदेश कर समिति सदस्य श्रीनिवास सिंह ने कहा कि आगामी चुनाव को देखते हुए यह कार्यशाला कार्यकर्ताओं के लिए बहुत उपयोगी एवं प्रशिक्षण की दृष्टि से लाभदायक होगा। 2025 में नीतीश कुमार की अगुवाई में एनडीए की सरकार बनाने हेतु कार्यकर्ता अभी से तन मन धन से जनसंपर्क अभियान में लग गए हैं।प्रदेश अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश मंत्री अजय माझी जिला पार्षद ने कहा कि इस बार एनडीए बिहार में 225 सीट जीतेगी जिसमें गारखा का भी सीट शामिल रहेगा। कार्यकर्ता गरखा एवं बिहार के सुनहरे भविष्य के लिए मित्र दलों से समन्वय बनाकर चुनाव की तैयारी एवं जनसंपर्क प्रारंभ कर दें जिला प्रवक्ता संजय सिंह ने कहा की इस बार प्रचंड बहुमत के साथ एक बार पुनः बिहार में एनडीए की सरकार जरूर बनेगी। बैठक की जानकारी देते हुए मंडल अध्यक्ष धनंजय सिंह ने कहा कि कार्यशाला की तैयारी एवं कार्यकर्ताओं की सुनिश्चित करने के लिए कार्यकर्ता दिन-रात लगे रहते है। बैठक मे मुख्य रुप से सामिल होने वालो मे श्रीनिवास सिंह, अजय माँझी, संजय सिंह, मनोज पटेल, त्रिलोकी शर्मा ,संतोष सिंह, आदित्य सिंह, उदय पासवान, विवेक कुमार, दीपू सिंह नजरे इमाम, राजेश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

## सोनपुर रेलवे स्टेशन से लावारिस हालत में 30 पीस अंग्रेजी शराब को आरपीएफ ने किया बरामद

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या तीन के पूर्वी छोड़ पर लावारिस हालत में लाल रंग के प्लास्टिक के थैला में रखें कुल 15 लीटर अंग्रेजी शराब को आरपीएफ पुलिस ने बरामद किया हैं। उक्त बात के जनकारी देते हुए आरपीएफ इंस्पेक्टर सुमन कुमारी ने बुधवार को बतायी कि सोनपुर प्लेटफार्म संख्या 3 के पूर्वी छोड़ पर लावारिस हालत में एक प्लास्टिक के बोरे में रखें अंग्रेजी शराब को पुलिस ने बरामद किया है। जिसमें 30 पीस 500 एमएल के कुल 15 लीटर अंग्रेजी शराब किंग फीसर अल्ट्रा मैक्स बीयर जिसका एक पीस का मूल्य 150/- हैं। कुल अनुमानित मूल्य 4500 /- हैं। सभी अंग्रेजी शराब यूपी के निर्मित हैं।

## बिजली की तार खींचने के क्रम में एक युवक की गिरने से हुई मौत

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर स्टेशन गेट के समीप चल रहे विद्युत कार्य के दौरान तार खींचने के क्रम में एक व्यक्ति के उपर से गिरने से मौत बुधवार को हो गई। संवेदक के द्वारा कराए जा रहे बिजली कार्य के दौरान हाईड्रा से गिर जाने के कारण मौत हो गया.इस घटना के बाद आसपास लोगों की भारी भीड़ जुट गई। मृतक विद्युत कर्मी सोनपुर के लकड़ी बाजार के बाली सिंह बताया जा रहा है जो प्राइवेट मिस्त्री के रूप में विद्युत संवेदक के यहां कार्य करता था। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि बिजली का तार खींचने का काम चल रहा था इसी दौरान करीब 60 वर्षीय बल्ली सिंह हाइड्रा पर चढ़कर तार खींचने का काम कर रहा था इसी क्रम में वह हाइड्रा से नीचे गिर गया जिसके कारण बुरी तरह जख्मी हो गया और मौके पर ही मौत हो गयी। गिरने के बाद वहां उपस्थित लोगों में चीख पुकार मच गया। । इस घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया वहीं परिवार जनों के रो-रो के बुरा हाल है। इस संबंध में सोनपुर थाना अध्यक्ष से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि संवेदक या मृतक के परिवार की तरफ से कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है. आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सर्पदंश से महिला की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।**स्थानीय थाने के पैगा कला गांव में मंगलवार की मध्य रात्रि सर्पदंश से एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान पैगा कला गांव निवासी स्वर्गीय रामरूप राय की पत्नी शनिचरी देवी के रूप में हुई है।परिजनों ने बताया कि मंगलवार की रात शनिचरी देवी शौच के लिए घर से बाहर गई थीं, तभी उन्हें जहरीले सांप ने डंस लिया। उन्होंने घर आकर इसकी जानकारी दी। आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए मुजफ्फरपुर ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और फिर शव स्वजनों को सौंप दिया। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।

## 21 महिलाओं का बंध्याकरण ऑपरेशन किया गया

**दैनिक खोज खबर/मांझी।** मांझी सीएचसी में चलाये जा रहे परिवार नियोजन पखवाड़ा के अंतर्गत बुधवार को 21 महिलाओं का बंध्याकरण ऑपरेशन किया गया। हालांकि पुरुष नसबंदी शून्य रहा। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रोहित कुमार ने बताया कि परिवार नियोजन पखवाड़े को लेकर मांझी के हरेक स्वास्थ्य केन्द्रों पर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। लोग परिवार नियोजन से संबंधित बातों की जानकारी लेते हैं और सरकार के द्वारा उपलब्ध परिवार नियोजन से संबंधित दवाइयां उन्हें निशुल्क उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य केन्द्र में लगाये गये काउंटर पर परिवार नियोजन से संबंधित हर प्रकार की जानकारी उपलब्ध करायी जा रही है। विभाग के द्वारा महिलाओं का बंध्याकरण, महिलाओं के प्रसव की पहचान कर कंडोम का वितरण भी किया जा रहा है। डॉ कुमार ने स्वास्थ्य केन्द्र पर चल रहे परिवार नियोजन पखवाड़े में पुरूष और महिलाओं से ऑपरेशन कराने की अपील की। इस अवसर पर डॉक्टर सुबोध सिंह,डॉ मोनल,स्वास्थ्य प्रबंधक राम मूर्ति,बीसीएम विवेक ब्याहुत आदि मौजूद थे।

## ट्राली बैग से अंग्रेजी शराब को बरामद, दोयायुवक गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** स्थानीय थाना की पुलिस ने नगर के गढ़देवी चौक से ट्राली बैग से अंग्रेजी शराब को बरामद किया है।? इस दौरान पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है और घटना में प्रयुक्त एक स्पेलेंडर बाइक को जब्त कर लिया है। ।मिली जानकारी के अनुसार दोनों युवक मढ़ौरा स्टेशन से गढ़देवी चौक होकर लेजा रहे थे। युवको ने पुलिस को बताया कि वे गोरखपुर से शराब को लेकर मढ़ौरा स्टेशन उतरे थे। ट्राली बैग की तलाशी में अलग अलग ब्रांड और अलग अलग मात्रा की कुल 45.78 लीटर अंग्रेजी शराब को पुलिस ने जब्त किया। तस्करी कर शराब को बिक्री के लिए ले जाने वाले भावलपुर निवासी राजन कुमार सिंह व कुंदन कुमार सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के तरफ से प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जानकारी दी गई है।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की महाराणा प्रताप प्रभात शाखा नचाप में गुरु दक्षिणा कार्यक्रम आयोजित

**दैनिक खोज खबर/एकमा/मांझी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की महाराणा प्रताप प्रभात शाखा, नचाप के तत्वावधान में बुधवार को रिद्धि-सिद्धि सेंट्रल स्कूल, नचाप के परिसर में गुरु दक्षिणा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान भगवा ध्वज के समक्ष सभी स्वयंसेवकों ने राष्ट्र के प्रति अपने समर्पण की भावना व्यक्त की।इस अवसर पर जिला सम्पर्क प्रमुख बलवंत सिंह ने अपने बौद्धिक सत्र में कहा कि समय का समर्पण सबसे बड़ा होता है। हमें अपने राष्ट्र के प्रति सदैव समर्पित रहना चाहिए और भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने के लिए प्रयासरत रहना चाहिए।कार्यक्रम में खंड कारवाह आलोक कुमार सिंह, रिद्धि-सिद्धि सेंट्रल स्कूल के निदेशक राकेश कुमार सिंह, भाजपा नेता मुकेश कुमार सिंह, कुमार मानवेंद्र सिंह राहुल, पैक्स अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह, विभूति नारायण तिवारी, विजय देश बंधु पांडेय, राकेश सिंह, संजय तिवारी, हरिवंश तिवारी, निरोज सिंह, रोहित सिंह, सौरभ कुमार, उदय राज सोनी, राजू सिंह, गोलू सिंह, मुन्ना सिंह, मदन सिंह सहित अन्य क्षेत्रीय गणमान्य लोग शामिल थे।

## भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अरविन्द सिंह बाल श्रमिक आयोग के बने उपाध्यक्ष



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अरविन्द सिंह बाल श्रमिक आयोग के उपाध्यक्ष बनने और राज्यमंत्री के दर्जा मिलने के बाद पूर्व विधान परिषद सदस्य राजन सिंह के साथ पहली बार सोनपुर पहुंच बाबा हरिहरनाथ मंदिर में पूजा अर्चना की और प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर उनको मंदिर परिसर में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राकेश सिंह और मंदिर सचिव विजय लाला ने उनको अंग वस्त्र और मंदिर का प्रतीक चिन्ह देकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर हरिहरनाथ थानाध्यक्ष स्वर्णा सुप्रिया, गबर सिंह ऊर्फ रणविजय सिंह, सुशीलचंद्र शास्त्री, बमबम बाबा, सदानंद बाबा, भूटकून बाबा, राहुल बाबा सहित अनेक लोग उपस्थित थे। भाजपा प्रवक्ता अरविन्द सिंह ने मंदिर के व्यवस्था से खुश होकर मंदिर कमिटी को धन्यवाद दिया।

## भारतीय स्टेट बैंक सोनपुर शाखा में बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी आग, मचा हड़कंप



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर के गाय बाजार स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में बुधवार की शाम आग लगने से अफरा तफरी मच गई.घटना की सूचना मिलते ही मौके पर गश्ती पुलिस तथा फायर ब्रिगेड की टीम पहुंच गई. बैंक के इलेक्ट्रिक पैनल के शॉर्ट सर्किट से आग लगने के कारण पूरा बैंक परिसर मे धुआं भर गया.बैंक के कर्मचारियों ने आग पर काबू पाने की प्रयास की. इसी बीच दमकल कर्मियों ने शॉर्ट सर्किट से लगे आग पर काबू पाया.बैंक के शाखा प्रबंधक कुमार आनंद ने बताया की इलेक्ट्रिक पैनल क्षतिग्रस्त हुए हैं और क्या-क्या नष्ट हुआ है. इसका आकलन किया जा रहा है यह घटना बैंक की कार्य अवधि समाप्त होने के बाद घटित हुई.बैंक के सभी कर्मचारी बैंक में ही मौजूद थे. वही अग्निशमन पदाधिकारी दिपक कुमार ने बताया कि दमकल कर्मियों के पहुंच जाने से बैंक को भारी नुकसान से बचा लिया गया. बैंक के अंदर आग बुझाने के क्रम में अग्निशामन कर्मी दिपक कुमार व प्रेम प्रकाश के दम धुटने लगा किसी तरह आग बुझाने में तों कामयाब हो गया लेकिन दोनों कर्मियों को ईलाज कराया गया। दिपक कुमार ने यह भी बताया कि बैंक में रखे गये अग्नि श्मन यंत्र काम नहीं कर रहा था. यह शोभा के बस्तु बनकर था। इस घटना में किसी भी कर्मी के घायल होने की सूचना नहीं है.बैंक में आग लगने की खबर से सोनपुर --हाजीपुर मुख्य सड़क पर गाय बाजार के समीप लोगों की भारी भीड़ जुट गई थीं।

## समारोह आयोजित कर प्रभारी प्रधानाध्यापक को दी गई विदाई व नये एचएम का किया गया स्वागत



**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)** अलख नारायण सिंह उच्च माध्यमिक विद्यालय एकमा में बुधवार को प्रभारी प्रधानाध्यापक श्रीकृष्ण भगवान यादव के प्रधानाध्यापक के पद पर गोपालगंज जिले के थावे प्रखंड के उच्च विद्यालय वृंदावन में स्थानांतरित होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय परिवार ने उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई देते हुए उनके योगदान को याद किया । इस दौरान विद्यालय की नई प्रधानाध्यापिका सारिका द्विवेदी का स्वागत भी किया गया।बताया गया कि 4 दिसंबर 2006 से 30 सितंबर 2019 शिक्षक के रूप में और एक अक्टूबर 2019 से 23 जुलाई 2025 तक प्रभारी प्रधानाध्यापक के पद पर आसीन रहे हैं। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों व गणमान्य लोगों ने नयी प्रधानाध्यापिका को शुभकामनाएं दीं और विद्यालय के विकास में सहयोग का संकल्प लिया।समारोह में शिक्षक नेता मंजीत कुमार तिवारी, मिथिलेश तिवारी, शशि शेखर सक्सेना, दिलीप कुमार, रंजन कुमार सिंह, राजन कुमार, मुकेश साह, मनोरमा कुमारी, पुष्पा कुमारी, मृत्युंजय कुमार, पारस नाथ शाही, आफताब आलम समेत अन्य शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी व स्थानीय लोग मौजूद थे।

## किसान खेत पाठशाला प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत, केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र, पटना द्वारा राधेश्याम, सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण,और विवेक कांत गुप्ता, वनस्पति संरक्षण अधिकारी की अध्यक्षता एवं श्री एस. ए. सज्जाद, सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी रश्मि शंकर, सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी, राजेश यादव, सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी संदीप कुमार द्विवेदी,सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी, शशिभूषण सिंह, किसान सलाहकार, मृत्युंजय कुमार सिंह, प्रगतिशील किसान की उपस्थिति में बुधवार को सोनपुर प्रखंड के ग्राम डुमरी बुजुर्ग में खरीफ, 2025 --26 के लिए किसान खेत पाठशाला प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारभ किया गया । उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम 14 सप्ताह तक आयोजन किया जाएगा जिसमें किसानों को आईपीएम के महत्व एवं आईपीएम के सिद्धांत एवं उसकी विभिन्न विधियों जैसे व्यवहारिक विधि में गर्मी की गहरी जुताई, बीज उपचार, मिट्टी उपचार, फसल चक्र, यांत्रिक विधि में विभिन्न ट्रैप जैसे फेरोमोन ट्रैप, पीला एवं नीला ट्रैप, गल मक्खी जाल, लाइट ट्रैप, जैविक विधि में मित्र कीट की पहचान, वानस्पतिक कीटनाशकों के महत्व एवं उपयोग आदि तथा रासायनिक कीटनाशकों के सुरक्षित एवं संतुलित इस्तेमाल मनुष्य पर होने वाले कीटनाशकों के दुष्प्रभाव तथा विभिन्न फसलों में लगने वाले कीट/ व्याधि की पहचान एवं आईपीएम प्रबंधन के बारे में विस्तार से बताया जाएगा ।

## छपरा जेल में बंद सोनपुर के कुख्यात अपराधी मंटू गोप को 06 माह के लिए किया गया निरूद्ध

**सोनपुर।** जिलाधिकारी, सारण द्वारा बिहार अपराध नियंत्रण अधिनियम की धारा 12 (2) के अंतर्गत सोनपुर थाना क्षेत्र के मंटू गोप के विरूद्ध मंडल कारा छपरा में निरूद्धादेश एवं निरूद्धाधार का आदेश जारी किया गया था एवं इस संबंध में जिलाधिकारी सारण एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, सारण द्वारा माननीय परामर्शदातृ पर्षद, उच्च न्यायालय, पटना के समक्ष भौतिक रूप से उपस्थित होकर अपने अभिलेखों और तथ्यों को प्रस्तुत किया गया था जिसमे आगामी विधानसभा चुनाव-2025 के मद्देनजर जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण के उद्देश्य से प्रशासन ने छपरा जेल में बंद कुख्यात अपराधकर्मी मंटू गोप उर्फ मंटू राय जो सोनपुर थाना क्षेत्र के जैतिया गांव के रहने वाले को 06 माह के लिए निरूद्ध किया गया है। उक्त बात के जनकारी देते हुए सारण एसपी कार्यालय से बुधवार को प्रेस रिलीज करते हुए यह भी जनकारी दिया कि मंटू गोप के आलावा 12 अन्य अपराधियों के विरूद्ध न्यायालय में प्रस्ताव समर्पित किया जा चुका है, जिस पर ऐसा निर्णय आना शेष हैं।

## देशी शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार

दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)। मांझी थाना क्षेत्र के महम्मदपुर से मंगलवार को मांझी थाना की पुलिस ने देशी शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवक महम्मदपुर गांव निवासी अरविन्द चौधरी का पुत्र रंजीत कुमार चौधरी बताया जाता है। थानाध्यक्ष अविनाश कुमार झा ने बताया की महम्मदपुर पुल के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। तभी गुप्त सुचना प्राप्त हुई की एक युवक शराब रखकर विक्री कर रहा है। जिसपर त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी कर युवक को लगभग पांच लीटर देशी शराब के साथ युवक को गिरफ्तार किया गया। जिसको आवश्यक पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया।

## किराना दुकान में हथियार के बल पर लूटपाट

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** मांझी थाना क्षेत्र के घोरहट मझौलिया गांव में मंगलवार को एक किराना दुकान में हथियार के बल पर मारपीट कर नगदी सहित आभूषण लूटपाट करने का मामला प्रकाश में आया है। घायल दुकानदार रविंद्र साह ने थाने में आवेदन दे कर न्याय करने की गुहार लगाई है। घायल रविंद्र साह ने बताया कि वह अपने दुकान पर लेटे थे तभी दो बाइक पर सवार पांच लोग आ धमके। दुकान में घुसकर हथियार के बल पर लूटपाट करने लगे। जबकि दो लोग दुकान के बाहर खड़े होकर निगरानी कर रहे थे। लूटपाट का विरोध करने पर कट्टा के बट से सर पर मारकर जख्मी कर दिए। सर से खून गिरने लगा और हम गिर गए। तब तक लुटेरे फरार हो गए। पूछे जाने पर घटना की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अविनाश कुमार झा ने बताया की आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस की जांच मे कही लूट की बात सामने नहीं आई है। जांच मे मामला प्रथम दृश्य आपसी विवाद का बताया जा रहा है। रविन्द्र साह और उनके पडोसी वकील राय इन दोनों मे पूर्व से ही पारिवारिक विवाद है। इसी विवाद मे किसी बात पर कहासूनी हो गयी तथा दोनों पक्ष मे मारपीट शुरू हो गयी। दोनों पक्षो से आवेदन प्राप्त हुआ है। आवेदन के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।




## भलुआ बाजार से चंचलिया दियर तक ग्रामीण सड़क एवं आरसीसी पुल के निर्माण की मिली स्वीकृति

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखंड के चंचलिया पंचायत के भलुआ ढाला से भलुआ नोनिया टोली होते हुए भलुआ बाजार रोड के अंतिम छोर चंचलिया दियर तक ग्रामीण सड़क एवं चंचलिया दियर में आरसीसी पुल के निर्माण कार्य की स्वीकृति मिल गई है। इस बात की जानकारी देते हुए बिहार विधानसभा सत्तारूढ़ दल के उपमुख्य सचेतक जनक सिंह ने कहा कि काफी के प्रयास के बाद अंतत उन्हें सफलता मिली और उनकी मेहनत रंग लाई। उन्होंने कहा कि काफी प्रयास के बाद मुख्यमंत्री का ग्रामीण संपर्क योजना के तहत तरैया प्रखंड के चंचलिया पंचायत के भलुआ ढाला से भलुआ नोनिया टोली होते हुए भलुआ बाजार सड़क के अंतिम छोर चंचलिया दियर तक ग्रामीण सड़क एवं इसी पथ में आरसीसी पुल निर्माण कार्य की स्वीकृति मिल गई है। भलुआ ढाला से भलुआ बाजार के अंतिम छोर चंचलिया तक 2.200 किलोमीटर लंबे सड़क के निर्माण में 5 करोड़ 76 लाख रुपये एवं चंचलिया दियर में इसी पथ पर 51.370 मीटर लंबे आरसीसी पुल के निर्माण कार्य में 5 करोड़ 51 लाख रुपए यानी सड़क एवं पुल के निर्माण कार्य मे कुल 11 करोड़ 48 लख रुपए की खर्च आएगी। इस सड़क एवं पुल के निर्माण हो जाने के बाद तरैया, भलुआ, राजधानी, रसीदपुर, टीकमपुर, समेत अन्य गांवों के लोगों को चंचलिया दियर में आने-जाने में काफी सहूलियत होगी। वहीं इस सड़क एवं पुल के निर्माण कार्य की स्वीकृति मिलने के बाद स्थानीय ग्रामीणों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने तरैया विधायक को आभार व्यक्त किया है।

## ट्रक चालक की दुर्घटना में आसाम में मौत, परिजनों में छाया मातम

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के अरना गांव निवासी द्वारिका सिंह के 38 वर्षीय पुत्र मुन्ना सिंह की ट्रक की टक्कर में आसाम में मौत हो जाने का घटना सामने आई है। मृतक चालक के रूप में ट्रक चलाते हैं और गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के राजा पट्टी कोठी से ट्रक भाड़े पर लेकर आसाम गये थें कि वहीं नवागांव में ट्रक दुर्घटना में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर परिवार के लोगों में मातम छा गया हैं परिजनों ने बताया कि मृतक के ही कमाई से परिवार का भरण-पोषण चलता था। मृतक विवाहित हैं और उसको दो पुत्र और दो पुत्री हैं।

## बीपीएससी हेडमास्टर में चयनित शिक्षक को विद्यालय परिवार ने दी भावभीनी विदाई



**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** बीपीएससी हेडमास्टर परीक्षा में चयनित मैकडोनाल्ड उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, तरैया के गणित शिक्षक अरविंद कुमार राम को बुधवार को विद्यालय परिवार की ओर से भावभीनी विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्हें फूल-माला व अंगवस्त्र देकर सम्मानपूर्वक विदा किया गया।अरविंद कुमार राम वर्ष 2007 के एक मार्च से इस विद्यालय में गणित विषय के शिक्षक के रूप में कार्यरत रहे। अपनी कर्मठता, निष्ठा और शिक्षण शैली से उन्होंने विद्यालय और विद्यार्थियों के बीच विशेष स्थान बनाया। अब वे गोपालगंज जिले में हेडमास्टर के पद पर योगदान देंगे।कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनिल कुमार सहित शिक्षक अनिल कुमार राम, सुरेंद्र प्रसाद यादव (प्रखंड सचिव, बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ, तरैया), सुभाष कुमार दूरदर्शी, राकेश कुमार गुप्ता, मनोज कुमार सिंह, त्रिभुवन कुमार यादव, नवीन कुमार, निधि कुमारी, सुरेंद्र प्रसाद, दीपिका कुमारी, स्तुति कुमारी, संगीता कुमारी, सुमित कुमार, प्रमोद कुमार समेत अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।सभी ने अरविंद कुमार राम को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में पूरे विद्यालय परिसर का माहौल भावुक और प्रेरणादायी रहा।

## भागवतपुर पंचायत के पंच का असामयिक निधन, दिल्ली में दिल का दौरा पड़ने से हुई मौत

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखण्ड के नेवारी गांव निवासी एवं भागवतपुर पंचायत के वार्ड संख्या-02 के पंच सदस्य राजेन्द्र सिंह का बुधवार की सुबह दिल्ली में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वे 75 वर्ष के थे।राजेन्द्र सिंह अपनी पत्नी पासपति देवी के साथ एक सप्ताह पूर्व दिल्ली में रह रहे तीनों बेटों-अशोक सिंह, सुबोध सिंह, मुकेश सिंह और बहुओं से मिलने गए थे। इसी दौरान बुधवार सुबह अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।राजेन्द्र सिंह सामाजिक रूप से सक्रिय व्यक्ति थे और वर्तमान में पंच पद पर कार्यरत थे। वे पूर्व सरपंच राजू सिंह के चाचा थे। उनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।उनके असामयिक निधन पर भागवतपुर पंचायत के मुखिया सह तरैया मुखिया संघ के अध्यक्ष मुकेश कुमार यादव, सरपंच बिगन राय, बीडीसी सदस्या चंदा देवी, पूर्व सरपंच राजू सिंह, शिक्षक नवल किशोर राय, अर्जुन युवराज, सुभाष कुमार, अनिल राम समेत अन्य गणमान्य लोगों ने शोक व्यक्त किया और शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया। उनका अंतिम संस्कार दिल्ली में रह रहे सभी परिजनों की उपस्थिति में दिल्ली में हीं किया गया।

## अकबरपुर में दो युवक गिरफ्तार–सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास, पुलिस ने कोर्ट में किया पेश

**अकबरपुर, नवादा,एजेंसी।** नवादा जिले के अकबरपुर थाना क्षेत्र में सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के प्रयास के मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान मोहम्मद वसीम अकरम और एक नाबालिग गोरे कुमार के रूप में हुई है। मोहम्मद वसीम अकरम अकबरपुर गांव का रहने वाला है, जबकि गोरे कुमार पच रूखी गांव का निवासी है। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी आपस में झगड़ा कर सांप्रदायिक माहौल को खराब करने का प्रयास कर रहे थे। इस घटना से क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन सकती थी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई की और दोनों को हिरासत में ले लिया। बुधवार को दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। मामला कांड संख्या 349/25 के तहत दर्ज किया गया है।

# सहायक शिक्षक पंकज सुमन का स्थानांतरण, जाते-जाते स्कूल परिसर में लगाया फलदार पौधा



**दैनिक खोज खबर/दरियापुर(सारण)।** प्रखंड के मध्य विद्यालय दरियापुर में पिछले दो दशकों से पदस्थापित सहायक शिक्षक पंकज सुमन का स्थानांतरण कर दिया गया है। अब वे एचएम (प्रधानाध्यापक) के रूप में दरिहरा निशक गांव स्थित नवसृजित प्राथमिक विद्यालय में योगदान देंगे। अपने लंबे कार्यकाल में उन्होंने न सिर्फ विद्यार्थियों को शिक्षित किया बल्कि पूरे गांव से आत्मीय रिश्ता भी बना लिया।गांव के लोगों, विद्यार्थियों और सहकर्मियों के लिए यह विदाई भावुक कर देने वाली रही। बच्चों से लेकर अभिभावकों तक ने उन्हें नम आंखों से विदा किया। शिक्षक पंकज सुमन के योगदान को याद करते हुए विद्यालय परिवार ने उन्हें शॉल और बस्त्र देकर सम्मानित किया।स्थानांतरण से पूर्व शिक्षक सुमन ने विद्यालय परिसर में एक ÷फ़लदार पौधा÷ भी लगवाया – जो उनकी स्मृति को हमेशा जीवित रखेगा। यह पौधा उनके शारीरिक रूप से उपस्थित न होने के बावजूद, उनके योगदान और उपस्थिति का प्रतीक बना रहेगा।बच्चों ने कहा, ÷पंकज सर सिर्फ शिक्षक नहीं थे, वो हमारे मार्गदर्शक थे। उनके पढ़ाने का तरीका हमें प्रेरित करता रहा है। वही पंकज सुमन आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के राज्य साधन सेवी है ,मुख्यमंत्री विधालय सुरक्षा कार्यक्रम के स्टेट मॉनिटरिंग टीम के सदस्य के साथ साथ बीआरसीसी के रूप में कार्य करके काफी अनुभव अर्जित किया है इस अवसर पर शैलेन्द्र कुमार,कौशल,गायत्री मिश्रा,कन्हैया तिवारी,शुभ नाथ प्रसाद,सत्येंद्र कुमार तथा उपेन्द्र प्रसाद यादव सहित अन्य लोग शामिल हुए

## एसपी ग्रामीण ने मशरक के अम्बेडकर चौक का किया निरीक्षण



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** एसपी ग्रामीण संजय कुमार के द्वारा जिले के अंतिम सीमा पर अवस्थित मशरक के लखनपुर गांव अवस्थित अम्बेडकर चौक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएसपी मशरक अमरनाथ मौजूद रहें। ग्रामीण एसपी ने इसुआपुर, पानापुर, तरैया और मढ़ौरा थाने का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों के संधारण, मालखाना रखरखाव, लंबित कांडों की प्रगति, अपराध नियंत्रण संबधित उपायों की समीक्षा की। एसपी ग्रामीण ने अम्बेडकर चौक पर निरीक्षण के दौरान थानाध्यक्ष रणधीर कुमार को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने थाना क्षेत्रों के विभिन्न चौक चौराहे पर निरंतर वाहन चेकिंग अभियान जारी रखनें और संदिग्ध को देखते ही उसकी गहन तलाशी लेने का निर्देश दिया जिससे अपराधिक घटनाओं और मादक पदार्थों की तस्करी पर लगाम लगाया जा सके। उन्होंने मीडिया के माध्यम से आम लोगों से अनुरोध किया कि पुलिस को सहयोग करें किसी भी इमरजेंसी के लिए 112 हेल्पलाइन नंबर पर डायल करें यह पूर्णतः निःशुल्क हैं और त्वरित सेवा प्रदान करता है। वहीं उन्होंने जिले के सभी प्रबुद्ध नागरिकों से अनुरोध किया कि अगर थाना के कार्य प्रणाली में कोई विसंगति या लापरवाही पायी जाती है तो तुरंत वरीय अधिकारी को सूचित करें। आपकी पहचान गोपनीय रखतें हुए कानूनी कार्रवाई की जाएंगी।

## बिजली के तार से करेंट लगने से वार्ड सदस्य की मौत, परिवार में मातम

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड क्षेत्र के कवलपुरा गांव में दरवाजे पर गिरे बिजली के तार से बिजली का करेंट लगने से वार्ड सदस्य की मौत हो गई मृतक की पहचान कवलपुरा गांव निवासी रामविचार राय का 30 वर्षीय पुत्र मुन्ना राय हैं।जो कवलपुरा पंचायत के वार्ड -8 का सदस्य है। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। मृतक वार्ड सदस्य विवाहित हैं और उसको दो लड़का और एक लड़की हैं। परिजनों ने बताया कि वह दरवाजे पर गिरे बिजली के तार से बिजली का करेंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। आस पास के लोगों ने देखा और उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक लाया गया जहां चिकित्सक ने पहले ही मौत हो जाने की बात बताई। मृतक बेहद गरीब हैं और खेताबारी कर परिवार का भरण-पोषण करता है। मृतक का ससुराल बंगरा पंचायत के हंसापीर गांव में हैं। पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि पप्पू सिंह और सरपंच अनिल सिंह ने पीड़ित परिवार को सांत्वना दी।

## अभिलाषा कुमारी ने उच्च माध्यमिक विद्यालय देवरिया में प्राचार्य के पद पर किया योगदान



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित प्रधानाध्यापक के पद पर अभिलाषा कुमारी का चयन उच्च माध्यमिक विद्यालय देवरिया हसुलाही जलालपुर में हुआ। इनको पदभार विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सुरेश कुमार सिंह के द्वारा किया गया। पद ग्रहण करने के बाद प्रधानाध्यापिका अभिलाषा कुमारी ने अपने नए विद्यालय के सभी शिक्षक/ शिक्षिकाओं से बारी बारी परिचय प्राप्त की और अपने बारे में जानकारी साझा की और बताई कि मैं इसके पूर्व में विशेश्वर सेमिनरी प्लस टू इंटर कॉलेज छपरा में जंतु विज्ञान के विषय में विशिष्ट शिक्षिका के रूप में कार्यरत थी। उन्होंने कहा कि मेरा लक्ष्य है विद्यालय में उच्च शिक्षा देना और विद्यालय के बच्चो में अनुशासन रखना। बताते चले कि यह विद्यालय 2020 में मिडिल से अपग्रेड प्लस टू विद्यालय बना और तब से अब तक प्रभारी प्रधानाध्यापक के सहारे विद्यालय चलता था। वहां उपस्थित सभी शिक्षक/ शिक्षिकाओं में नवनयुक्त प्रधानाध्यापिका के आने से खुशी की माहौल देखने को मिला। अंत में प्रभारी प्रधानाध्यापक सुरेश सिंह और अन्य शिक्षक को द्वारा नवनियुक्त प्रधानाध्यापिका अभिलाषा कुमारी को बुके और डायरी देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यालय के वरीय शिक्षिका आशा कुमारी, विनीता कुमारी अर्चना कुमारी, सुधा नलिनी, सरोज कुमारी, अमित कुमार, संदीप कुमार, विश्वजीत बशाक, श्यामली कुमारी, राजीव , दुर्गेश, अंशु, योगेंद्र कुमार, खुशबू, प्रीति, नंदकिशोर,त्रयंबक पांडेय आदि शिक्षक शिक्षिका आदि उपस्थित थे।



## गोलीबारी कांड़ के फरार आरोपित गिरफ्तार

**सिवान।** नौतन थाना क्षेत्र के खलवा गांव में हुई गोलीकांड़ के आरोपित को पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपित से पुलिस ने पूछताछ के बाद बुधवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार थाना क्षेत्र के खलवा गांव निवासी चिंकू सिंह उर्फ चिंकू राय उर्फ आर्यन है। इस संबंध में नौतन थानाध्यक्ष अखिलेश पासवान ने बताया कि थाना क्षेत्र के खलवा गांव में 10 जून की रात्रि हुए गोली की घटना में चिंकू सिंह आरोपित था। उसने खलवा गांव निवासी संगीता देवी के घर में घुस कर फायरिंग कर लूट पाट करते हुए रंगदारी की मांग की थी। खलवा गांव निवासी संगीता देवी के लिखित आवेदन पर थाना में चिंकू राय सहित पांच लोगों के विरुद्ध गोली बारी कर लूटपाट, रंगदारी की मांग करने व बंधक बनाकर मारपीट की प्राथमिकी हुई थी।

## आपसी विवाद में हुई मारपीट में युवक घायल

**सिसवन (सिवान)।**थाना क्षेत्र के शुभंकर छपरा गांव में बुधवार को आपसी विवाद में हुई मारपीट की घटना में एक युवक घायल हो गया। घायल युवक का इलाज रेफरल अस्पताल में कराया गया। घायल की पहचान गांव के ही कामेश्वर सिंह के पुत्र रोहित कुमार सिंह के रूप में हुई है।

## शराब पीने के आरोप में दो गिरफ्तार

**सिसवन (सिवान)।** सिसवन थाना पुलिस की गश्त दल ने गुप्त सूचना पर मंगलवार की शाम रामगढ़ गांव में छापेमारी कर शराब पीने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार लोगों में रामगढ़ निवासी सत्येंद्र तिवारी और उत्तर प्रदेश के देवरिया जिला निवासी कृष्णा राजभर शामिल हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों आरोपितों को बुधवार को आगे की कार्रवाई के लिए न्यायालय भेज दिया गया।

## 109 लीटर शराब, एक बाइक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** थाना की गश्त दल ने मंगलवार को दो अलग-अलग गांवों में छापेमारी कर 109 लीटर शराब व एक बाइक के साथ दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया तथा कार्रवाई के बाद बुधवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार तस्कर की पहचान सराय पड़ौली निवासी शिवपूजन यादव तथा मीरजुमला निवासी राजेश चौधरी के रूप में हुई। पुलिस ने राजेश चौधरी को बाइक सहित गिरफ्तार किया है।

## मारपीट में सात घायल

**सिसवन (सिवान)।** थाना क्षेत्र माधोपुर ट्रेनवां गांव में बुधवार को पूर्व के विवाद में हुई मारपीट की घटना में सात लोग घायल हो गए। घायलों में अमरेंद्र सिंह, अमित कुमार सिंह, संदीप कुमार सिंह, रवि कुमार,राजकुमारी देवी, वीरु कुमार और मीरा देवी शामिल हैं। सभी घायलों का इलाज सिसवन रेफरल अस्पताल में कराया गया।

## किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बने अजीत उपाध्याय

**सिसवन (सिवान)।** प्रखंड के कचनार निवासी अजीत उपाध्याय को बिहार प्रदेश किसान कांग्रेस ने सिवान किसान कांग्रेस का जिलाध्यक्ष बनाया है। वे किसानों के हक अधिकार की लड़ाई लड़ते हुए 2020 में जेल भी गए थे। उन्होंने कहा कि किसानों के हक व अधिकार की आवाज बुलंद करने का काम किया और आगे भी करते रहेंगे। जिलाध्यक्ष बनने पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुशील यादव, अशोक सिंह, अखिलेश पांडेय, आसिफ अब्बास, आमिर सिद्दकी ने उन्हें बधाई दी है।

## चोरी के स्टेबलाइजर के साथ चोर गिरफ्तार

**हुसैनगंज (सिवान)।** स्थानीय थाना की पुलिस ने मंगलवार की रात नवलपुर में छापेमारी कर बड़रम स्थित नलजल शेड से चोरी की गई स्टेबलाइजर के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। केस के अनुसंधानकर्ता एएसआइ परवेज अंसारी ने बताया कि पकड़े गए चोर की पहचान हुसैनगंज थाना के नवलपुर निवासी भोला उर्फ नीतीश कुमार के रूप में हुई है। ज्ञात हो कि आठ जुलाई को बड़रम स्थित वार्ड संख्या 12 के अनुरक्षक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने थाना में आवेदन देते हुए अज्ञात के विरुद्ध स्टेबलाइजर चोरी की प्राथमिकी कराई थी। आवेदन में कहा था कि आठ जुलाई की सुबह में नल जल आपूर्ति हेतु शेड पर पहुंचा तो देखा कि दरवाजा तोड़कर उसमें रखा स्टेबलाइजर चोरी कर ली गई। मैंने ग्रामीणों के साथ अगल बगल काफी खोजबीन की लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। थानाध्यक्ष छोटन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार चोर को बुधवार को जेल भेज दिया गया।

## महाविद्यालय परिसर में पूर्व प्राध्यापक को दी गई अंतिम विदाई

**गोरेयाकोठी (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित नारायण महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राध्यापक बक्सर निवासी कपिलेश्वर राय के बुधवार की सुबह हृदयगति रुकने से हुए निधन हो गया। उनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। 1982 में महाविद्यालय में आने के बाद उन्होंने क्षेत्र को ही अपनी कर्मभूमि मान ली थी। सेवानिवृत्त होने के बाद भी वे महाविद्यालय से ही जुड़े रहे। क्षेत्र के किसी भी व्यक्ति को महाविद्यालय से जुड़ी हर समस्या के निदान के लिए वे हमेशा तत्पर रहते थे। बुधवार की सुबह स्थानीय भाजपा विधायक देवेशकांत सिंह के आवास परिसर के अपने कमरे से वे स्नान करने गए। इसी दौरान उन्हें हार्ट अटैक आया और मौत हो गई। कुछ ही मिनटों में यह खबर क्षेत्र में जंगल के आग की तरह फैल गई। लोगों के कदम उनके अंतिम दर्शन के लिए बढ़ चले। शव वाहन में विधायक आवास से उनके जन्मभूमि के लिए अंतिम विदाई दी गई। वाहन को महाविद्यालय परिसर में सहकर्मियों, छात्रों व अभिभावकों के दर्शन के लिए ले जाया गया जहां लोगों ने नम आंखों से उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से भी जुड़े थे। हाल ही में महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा बच्चों के नामांकन को लेकर गांवों में चौपाल लगाने के कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर भाग लिए थे। मौके पर भाजपा पूर्वी जिलाध्यक्ष रंजीत प्रसाद, अंकज कुमार सिंह, रंजीत भारती, ठाकुर सिंह आदि मौजूद थे।

## करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत

**आंदर (सिवान)।** असांव थाना क्षेत्र के असांव उतरवार टोला में बुधवार की सुबह करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। इस घटना के बाद गांव में शोक का माहौल कायम हो गया। मृतक की पहचान असांव उतरवार टोला निवासी माधव यादव के रूप में हुई है। मौत की सूचना मिलते ही स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच घटना की जानकारी ली तथा शव का पोस्टमार्टम कराने की प्रक्रिया में जुटी गई। लेकिन स्वजन पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया है। बताया जाता है कि माधव यादव अपने दरवाजे पर खड़े थे, उसी दौरान अचानक धारा प्रवाहित विद्युत तार की चपेट में आ गए जिससे करंट लगने से उनकी मौत हो गई।

## मेला देखने जा रहे एक युवक की सड़क दुर्घटना में मौत, दूसरा घायल

**महाराजगंज (सिवान)।** थाना क्षेत्र के मांझी-बरौली पथ पर बंगरा गांव स्थित नहर पुल के समीप मंगलवार की रात्रि बाइक पर सवार होकर महावीरी झंडा मेला देखने जा रहे एक युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई जबकि दूसरा घायल हो गया। मृतक की पहचान सुरबीर निवासी इरफान अंसारी के रूप में हुई जबकि घायल उसकी गांव का दिलीप यादव है जो गोरखपुर अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रहा है।बताया जाता है कि सुरबीर निवासी दिलीप यादव एवं इरफान अंसारी मंगलवार की रात एक ही बाइक पर सवार होकर पोखरा बाजार महावीरी झंडा मेला देखने जा रहे थे। वे जैसे ही बंगरा स्थित नहर पुल के समीप पहुंचे तभी तेज गति से आ रही अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दिया। दिलीप यादव एवं इरफान अंसारी घायल हो गए। वहीं घटना के बाद चालक गाड़ी लेकर भागने में सफल रहा। घटना की जानकारी होते ही आसपास के ग्रामीण घटनास्थल पर एकत्रित होते तब तक इरफान अंसारी की मौत हो चुकी थी। ग्रामीण दिलीप यादव को इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल ले गए जहां से चिकित्सक द्वारा घायल की स्थिति गंभीर बता सदर अस्पताल रेफर कर दिया। स्वजन दिलीप यादव को लेकर सदर अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सक द्वारा गोरखपुर रेफर कर दिया गया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच घटना की जानकारी ली तथा शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया।

# डाटा इंट्री आपरेटरों के हड़ताल पर जाने से कार्य ठप

**सिसवन (सिवान)।** सेवा समायोजन सहित 11 सूत्री मांगों को लेकर 17 जुलाई से जिले भर के वेल्ट्रान डाटा इंट्री आपरेटरों की हड़ताल बुधवार को छठे दिन भी जारी रही। इस कारण सरकारी कार्यालय में विभागीय काम-काज पूरी तरह से ठप पड़ गया है। इसका असर आम जन-जीवन पर भी पड़ता दिख रहा है। जन सुविधा से जुड़े कार्य जन्म- मृत्यु प्रमाण पत्र, विधवा, वृद्धा पेंशन, राजस्व से संबंधित नहीं हो रहा है। बिहार राज्य डाटा इंट्री आपरेटर सह कंप्यूटर आपरेटर संघ जिला इकाई के तत्वावधान में 15 जुलाई तक उनकी सभी मांग पूरी करने का अल्टीमेटम दिया गया था। लेकिन सरकार की ओर से किसी प्रकार का पहल होता नहीं देख वे सभी हड़ताल पर चले गए हैं। साथ अधिकांश आपरेटर के गर्दनीबाग में भी अपनी मांगों को सरकार तक पहुंचाने के लिए शांतिपूर्ण प्रदर्शन में भाग ले रहे हैं। आपरेटरों का कहना है कि जब तक सरकार उनकी मांग को पूरी नहीं करती है हड़ताल जारी रहेगा। भूख हड़ताल की भी तैयारी चल रही है। अनशन के जरिये भी सत्ता तक बात पहुंचाई जाएगी। संघ ने आह्वान किया है कि सभी डाटा इंट्री आपरेटर काम से दूर रहें और आंदोलन को सफल बनाने में सहयोग करें। आपरेटरों का कहना है कि पूरे बिहार में वह बड़ी संख्या में सचिवालय, जिला, प्रखंड से लेकर पंचायत स्तर तक कार्य करते हैं। उनका कार्य सबसे अधिक मेहनत का है। उनकी बहाली सरकार पद्धति के जरिए विधिवत सीबीटी परीक्षा से हुई है। आरक्षण रोस्टर सहित अन्य नियमों का वैसा ही पालन हुआ है, जैसा कि अन्य सरकारी बहाली के दौरान होता है। सरकार ने इसके लिए विज्ञापन भी निकाली है, लेकिन लंबे वर्ष से काम करने के बावजूद उन्हें ठेका के तहत वेतन का भुगतान किया जाता है।

## आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बनाते दो बदमाश गिरफ्ता

**दारौंदा (सिवान)।** थाना क्षेत्र के बगौरा शिवालय मंदिर के समीप मंगलवार की देर शाम पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अपराध की योजना बनाते दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही गिरफ्तार बदमाशों के पास से एक पिस्टल व एक गोली बरामद की है। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान सारण के रसूलपुर थाना क्षेत्र के केदार परसा निवासी संदीप यादव एवं अतरसन टोला निवासी संजय यादव के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए बगौरा शिव मंदिर के समीप दो बाइक पर तीन बदमाश एकत्रित हुए हैं। इसकी सूचना मिलते ही अनि श्रवण पाल व पुलिस बल के साथ वहां पहुंचा तो वे तीनों बदमाश आपस में बात कर रहे थे। पुलिस को देखते ही तीनों बदमाश इधर-उधर भागने लगे। इस दौरान पुलिस ने केदार परसा निवासी संदीप यादव एवं अतरसन निवासी संजय यादव को दबोच लिया जबकि तीसरा युवक धीरज यादव भागने में सफल रहा। गिरफ्तार बदमाशों की तलाशी के दौरान एक पिस्टल एवं गोली बरामद की गई। वहीं भागने वाला बदमाश रसूलपुर थाना क्षेत्र के असहनी निवासी धीरज यादव है। वहीं पूछताछ के दौरान संदीप यादव के घर से दो जोड़ी चांदी का पायल बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि बगौरा बाजार में नौ जुलाई को हुई आभूषण लूट मामले में संदीप शामिल था। इस मामले में तीन बदमाशों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी की गई है। प्राथमिकी के बाद पुलिस संदीप यादव एवं संजय यादव को जेल भेज दिया, वहीं धीरज यादव की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## सर्पदंश से युवक अचेत, रेफर

**सिसवन (सिवान)।** रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के लोहबरा गांव में सर्पदंश से एक युवक अचेत हो गया। स्वजन उसे इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाए जहां से चिकित्सक द्वारा प्राथमिकी उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। पीड़ित युवक की पहचान स्वामीनाथ गिरि के पुत्र विवेक कुमार गिरि के रूप में हुई है।

# महिलाओं को शिक्षित होने पर समाज से दूराचार संभव

**सिवान।** शहर के महादेवा स्थित कलावती मैरेज हाल में आयोजित नौ दिवसीय शिव महापुराण कथा के सातवें दिन मंगलवार की रात वृंदावन धाम से पधारे कथावाचक आचार्य मधुसूदन सावन महाराज ने शिव-पार्वती का प्रसंग सुना श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। उन्होंने कहा कि यदि मानव एक-दूसरे से प्यार करें, एक-दूसरे से मिलजुल कर रहे तो समाज में कोई क्लेश उत्पन्न नहीं होगा और ना ही कोई विवाद होगा। उन्होंने कहा कि भगवान शिव के परिवार के सभी सदस्यों के वाहन एक-दूसरे के शत्रु हैं बावजूद सभी एक-दूसरे के साथ मिलजुलकर रहते हैं। इससे सभी लोगों को प्रेरणा लेनी चाहिए। कथावाचक मधुसूदन महाराज ने लड़कियों को शिक्षा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आज कल सबसे ज्यादा महिलाओं को शिक्षित होने की आवश्यकता है, उन्होंने कहा कि अगर माता अज्ञान हो तो बच्चे कैसे बने महान बनेंगे। इस कारण अगर महिलाएं शिक्षित होंगी तो पूरा जग ज्ञानी बन सकता है और समाज से दुराचार समाप्त किया जा सकता है। आज कल लोग पश्चिमी सभ्यता को ज्यादा पसंद कर रहे हैं, जिसके कारण समाज में आए दिन अपराध बढ़ता जा रहा हैं। महाभारत के प्रसंग में बताया कि जिस प्रकार से दुर्योधन के प्रत्येक गलतियों पर धृतराष्ट ने पर्दा डाल कर महाभारत जैसे महायुद्ध करा दिया, अगर आप अपने बच्चों की गलतियों पर पर्दा डालने का प्रयास करेंगे तो आपके घर में भी बटवारा, आपसी झगड़े रूपी महाभारत तय है, इसलिए सभी बच्चों के प्रति सामान्य प्रेम रखें तथा बच्चों को अच्छा संस्कार दें। इस मौके पर राजू कुमार, धीरज कुमार, जितेंद्र पांडेय, शकुंतला देवी, बबीता देवी समेत काफी संख्या में श्रोता उपस्थित थे। कथा के बाद आरती, प्रसाद वितरण का किया गया। इसमें काफी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कथावाचक ने बताया कि 24 जुलाई को शिव महापुराण कथा की पूर्णाहुति होगी। इस मौके पर भजन, कीर्तन एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसमें अधिक से अधिक संख्या में लोगों को शामिल होने की अपील की।---

